FIROZABAD POLICE

आपकी सेवा में सदैव तत्पर

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

प्रेस नोट दिनांक 28-03-2025 थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

- **टूण्डला पुलिस टीम द्वारा दिनांक 27-03-2025 को हुई हत्या की घटना का 24 घण्टे के अन्दर किया गया सफल अनावरण..**
- **अभियुक्त की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक अदद हथोडा , एक अवैध चाकू सहित किया गया बरामद।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा थाना टूण्डला पर पंजीकृत मु0अ0सं0 114/2025 धारा 103(1)/238 बीएनएस का 24 घण्टे के अन्दर सफल अनावरण करते हुए विवेचना के क्रम में प्रकाश में आये अभियुक्त राहुल उर्फ आकाश पुत्र राजनाथ सिंह निवासी नगला गुमान थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद को दारापुर चौराहा थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी व बरमादगी के आधार पर अभियुक्त राहुल उपरोक्त के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-------------- दिनांक 27/03/2025 की सुबह थाना क्षेत्र टूण्डला में स्थित ग्राम हिरन गांव ओवर ब्रिज के पास खेत में एक अज्ञात शव मिला, उक्त अज्ञात शव की शिनाख्त नीरज पुत्र भगवान सिंह निवासी फ्रेन्डस कालोनी थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद के रूप में हुयी । जिसके सम्बन्ध में थाना टूण्डला पर मु0अ0सं0 114/2025 धारा 103(1)/238 बीएनएस पंजीकृत किया गया। आज दिनांक 28/03/2025 को टूण्डला पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्त राहुल उर्फ आकाश पुत्र राजनाथ सिंह निवासी नगला गुमान थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद को दारापुर चौराहा से गिरफ्तार किया गया।

नाम पता अभियुक्त-

1. राहुल उर्फ आकाश पुत्र राजनाथ सिंह निवासी नगला गुमान थाना टूण्डला फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरण ---

1. एक अवैध तमंचा 315 बोर।
2. एक हथोडा।
3. एक अवैध चाकू।

गिरफ्तार करने वाले अधि0/कर्मचारीगण-

1. प्र0नि0 श्री अन्जीश कुमार थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 राकेश कुमार गिरी थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
3. है0का0 43 महेन्द्र कटियार थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
4. है0का0 681 हरवेन्द्र कुमार थाना टूण्डला जनप फिरोजाबाद।
5. का0 574 रोहित कुण्डु थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।